तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 आशीबाई स्कूल में हुआ एक पेड़ नाम के नाम...



12 पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के लिए लोगों...



## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छुईहा की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। प्रार्थिया रीना यादव ने सिंघोड़ा पुलिस को बताया कि 4 जून को शाम 7 बजे उसका पति हृदेश यादव शराब पीकर आया और मोबाईल गिरवी रखा हूं लेने जाउंगा कहते हुए पैसा मांगा। प्रार्थिया द्वारा तीन हजार रुपए देने पर तू कौन होती है मना करने वाली कहकर डंडे से मारपीट कर गाली गलौज करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बैदपाली रोड साप्ताहिक बाजार के पास आरोपी जगतराम यादव पिता जानकू यादव (65 साल) डुडुंमचुंवा थाना सरायपाली के कब्जे करीब 9 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरे मामले में एनएच 53 मेन रोड बैतारी चौक में आरोपी रंजीत विश्वकर्मा पिता खिरोद विश्वकर्मा (25 साल) छिंदपाली के कब्जे से 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने ग्राम बल्दीरडीह में राजकुमारी वैष्णनव पति टिकेश्वार वैष्णव (51 साल) ग्राम बल्दीडीह के कब्जे से 23 पैकेट हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 820 रुपए को जब्त धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोकरपाली में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी कोमल ने बताया कि 4 जून की रात 10 बजे घर के गली में खड़े होकर अपने दोस्त दौलत साहू से फोन से बात कर आपस में गाली गलौज कर रहे थे, उसी समय उसके सामने रहने वाला हूलदास अपने लड़के कमलेश तथा हिमेश के साथ निकला और मेरे घर के सामने गाली क्यों दे रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के हूलदास ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि रात 10 बजे गांव का कोमल ढीढी घर के बाहर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहा था, जब उसे मना किया तो आरोपी कोमल ढीढी ने घर के अंदर घुसकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 331(3), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# राशन दुकान की मांग को लेकर फिर कलेक्टोरेट पहुंचे गोंडपाली के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राशन दुकान खोले जाने की मांग को लेकरग्राम जोबाकला के आश्रित ग्राम गोंडपाली के ग्रामीण मंगलवार को एक बार फिर जनदर्शन में कलेक्टोरेट पहुंचे। बता दें कि राशन दुकान के लिए ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में इसकी मांग कर चुके थे। लेकिन, मांग पूरी नही होने के बाद भी पोर्टल में यह निराकृत दिखा रहा है। इस बात को लेकर भी ग्रामीणो ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। बता दें कि ग्राम पंचायत जोबा कला के आश्रित गांव गोंडपाली के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वे शासन-प्रशासन से राशन दुकान की मांग करते आ रहे हैं। 12 सौ की आबादी

## मांग पूरी नहीं हुई और सुशासन तिहार के पोर्टल में दिखा रहा निराकृत

### 3 किमी दूर जाते हैं राशन लेने

कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे ग्रामीण धनेश्वर चंद्राकर, लता यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें राशन लेने के लिए साढ़े तीन किमी दूर ग्राम पंचायत जोबाकला जाना पड़ता है। जोबाकला जाने के लिए कच्चा रास्ता है,जो बारिश में आने-जाने के लायक नहीं रहता। ऐसी स्थिति में राशन लेने के लिए दूसरे रास्ते से 8 किमी घूमकर जाना पड़ता है। गांव में राशन दुकान न होने से परेशानी होती है।



### गांव में सड़क को लेकर भी परेशानी

गांव की सड़क कच्ची है जिससे आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सडक निर्माण के लिए भी पिछले 20 सालों से मांग हो रही है पर समस्या जस की तस है। गांव की महिलाओं ने कहा कि पुरूष वर्ग काम पर चले जाते हैं जिससे घर-बाड़ी का पूरा कामकाज कर राशन लेने साढ़े तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। अगर राशन दुकान गांव में ही खुल जाए तो समय की बचत होगी वहीं इतनी दूर राशन लेने जाने में हो रही परेशानी नहीं होगी।

वाले ग्राम गोंडपाली में 400 राशन कार्डधारक हैं।

खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गांव में ही राशन दुकान की मांग का पत्र प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ कंट्रोल आर्डर 2016 की कंडिका 8 (ग) में यह स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत को ईकाई मानकर एक गांव में केवल एक ही राशन दुकान खोली जाती है। विशेष परिस्थितियों में ही दूसरी दुकान खोली जाती है। इनके आवेदन पर सर्वे कराया जाएगा।

### खाद्य विभाग तक नहीं पुहंचा मांग पत्र

ग्रामीणों ने कहा कि सुशासन तिहार में दिया गया मांग पत्र खाद्य विभाग तक पहुंचा ही नहीं और जनपद स्तर पर ही मांग निराकृत हो जाना दर्शा दिया गया। गांव में राशन दुकान की मांग को लेकर फिर जनदर्शन में आए हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस : एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत आज से

# शहर में साइकिल रैली निकाल कलेक्टर एवं डीएफओ ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- वन विभाग द्वारा आयोजित साइकिल रैली में सभी वर्गों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, फलदार पौधों का हुआ रोपण



जिला मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को वन विभाग द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली सुबह 8 बजे वन विद्यालय से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय तुमाडबरी तक निकली। रैली को कलेक्टर विनय लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में वन मंडलाधिकारी मयंक पांडेय, एसडीओ एन. वेंकटेश, जिला रेड क्रॉस के अध्यक्ष संदीप दीवान, दाऊलाल चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएम रेखराज शर्मा, प्राचार्य अमी रूफ़स एवं शाला के स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरुकता फैलाना और लोगों को प्रदूषण मुक्त परिवेश की ओर प्रेरित करना था।

रैली की शुरुआत कलेक्टर लंगेह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कहा कि आज जिस गति से पर्यावरण का क्षरण हो रहा है, उसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साइकिल चलाना केवल एक साधन नहीं, बल्कि एक संदेश है, हम प्रकृति से जुड़ना चाहते हैं और उसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। दैनिक जीवन में पानी बचाने को लेकर हमें सजग रहना होगा। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। पौधारोपण, प्लास्टिक का परहेज, और साइकिल जैसे स्वच्छ यातायात के साधनों को अपनाकर हम सभी एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। वन और जल हमारे पर्यावरण के महत्वपूर्ण अंग है। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आओ सब मिलकर इन्हें बचाए। उन्होंने बताया कि आज से एक पेड़ मां के नाम अभियान 20 की शुरूआत हो गई है। एक लाख 90 हजार पौध तैयार कर लिए गए हैं। जिसे आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों, प्रधानमंत्री आवास के सामने, पंचायत भवन आदि स्थानों पर पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। साइकिल रैली में बच्चों, युवाओं, नागरिकों, स्कूली छात्रों, सामाजिक संगठनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही। शहर में यह रैली पर्यावरण जागरूकता का संदेश लेकर गुज़री। रैली के समापन पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय तुमाडबरी में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर एवं अतिथियों ने फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, नींबू आदि के पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# मध्यप्रदेश के दो आरोपियों से 36 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के दो आरोपियों के कब्जे से 36 लाख रुपए का 240 किलो गांजा और आईसर वाहन जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि 5 जून को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक लाल कलर का आईसर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 मे अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपी अपने वाहन को तेज गति से चलाने लगे, जिन्हें स्टाफ द्वारा पकड़ा गया।



पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजेश उर्फ राजू जाट पिता रेवाराम जाट (47 साल) निवासी सूर्योदय नगर सेक्टर बी थाना हवाबंगला जिला इंदौर मध्यप्रदेश और बलवेश नाथ पिता कैलाश नाथ (25 साल) निवासी खाते गांव सुंदलपुर थाना खाते गांव जिला देवास मध्यप्रदेश का निवासी होना बताए और भागने का कारण पूछने पर वाहन के डाला में गांजा होना बताया। वाहन की तलाशी के दौरान 7 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 240 किलोग्राम अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 36,00,000 रुपए, घटना मे प्रयुक्त एक लाल कलर का आईचर वाहन कीमत 20,00,000 रुपए, मोबाइल कुल 56,20,000 रुपए का सामान बरामद किया। गांजा के संबंध में पूछताछ में आरोपियों ने सोनपुर ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## मूल्यांकन में अनियमितता, पुनर्मूल्यांकन की मांग दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा के मूल्यांकन में भारी अनियमितताओं के संबंध में अवगत कराते हुए शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में कहा है कि इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार शाला में भी आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई, परीक्षा परिणाम आने के बाद पालकों में मूल्यांकन के प्रति गहरा असंतोष उभर कर सामने आया। पुनर्मुल्यांकन की मांग करते हुए कहा गया है कि संस्था द्वारा शिक्षा विभाग से संपर्क करने पर कहा जा रहा है कि पुर्नमूल्यांकन का प्रावधान नहीं है। चोपड़ा ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पुर्नमूल्यांकन करा कर छात्रों एवं पालकों को संतुष्ट कराया जाए अन्यथा छात्रों के साथ सरासर अन्याय होगा और वास्तव में छात्र सही हैं तो ऐसे मूल्यांकनकर्ताओं की लापरवाही पुर्नमूल्यांकन के बिना कैसे पता चलेगी, ऐसे तत्व भविष्य में भी निरंकुश ही रहेगें। पुर्नमूल्यांकन नहीं हो तो कम से कम उत्तर पुस्तिका छात्रों एवं उनके पालकों को दिखाए जाने की व्यवस्था हो, ताकि वे संतुष्ट हो सकें।

## अनियंत्रित डंपर ने बैरिकेड को 200 मीटर तक घसीटा...



**महासमुंद।** शहर के स्वामी चौक में एक बार फिर बड़ा हादसा टल गया। गुरुवार सुबह हुई दुर्घटना में शहर के बीच से गुजरने के दौरान रेत से भरे अनियंत्रित डंपर ने स्वामी चौक में लगे बेरिकेड को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान शहर के नागरिक मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वाहन दायीं ओर मुड़ा इसलिए कोई हादसा नहीं हुआ, अन्यथा बांये ओर मुड़ने पर किसी की जान भी जा सकती थी। बता दें कि शहर के बीच से भारी और रेत से भरे वाहनों के गुजरने के दौरान स्पीड को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन की टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि एक बैरिकेड डंपर में फंसकर करीब 200 मीटर दूर तक घसीटता चला गया।

# अब एक भी शाला शिक्षकविहीन नहीं और न ही एकल शिक्षकीय:कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने युक्तियुक्तकरण पर कलेक्टर ने ली प्रेस वार्ता
- एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है

राज्य शासन द्वारा विद्यालयीन शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित, बेहतर और समावेशी बनाने शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन दोपहर 3:30 बजे किया गया। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने प्रेस वार्ता में बताया कि शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता को संतुलित करना है। ताकि, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस प्रक्रिया के तहत ऐसे विद्यालयों की पहचान की जा रही है, जहां शिक्षकों की संख्या अधिक है, और उन्हें उन विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा जहां शिक्षकों की कमी है। इस प्रकार युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर लंगेह ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 20:78 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 21:19 बच्चे प्रति शिक्षक है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। उन्होंने बताया कि जिले में 15 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 316 शालाएं एकल शिक्षकीय थे। वहीं 01 पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन और 01 एकल शिक्षकीय था। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्कूलों में 535 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 272 शिक्षकों की आवश्यकता थी। जिसमें से 700 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। जिले में प्राथमिक शालाओं में 444 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 146 शिक्षक अतिशेष था और हाई/हायर सेकेंडरी से 110 अतिशेष व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक विज्ञान कुल 700 अतिशेष शिक्षक संवर्ग को समायोजित किया गया। इस तरह जिले में 09 शालाओं का समायोजन किया गया है। जबकि, 1957 स्कूलों में 1948 से स्कूल यथावत संचालित होंगे। कलेक्टर ने बताया कि अब जिले में एक भी शाला शिक्षक विहीन नहीं है और न ही एकल शिक्षकीय है। उल्लेखनीय है कि जिले में 01 एवं 02 जून को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण किया गया था। सभी शिक्षकों को पदस्थापना आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से नियमों एवं शैक्षणिक आवश्यकता के अनुसार की गई है, साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि समायोजन करते समय विषय विशेषज्ञ, सेवा काल एवं प्राथमिकता का भी ध्यान रखा गया।

## पीआईसी की बैठक में शहर विकास के विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

# अध्यक्ष निधि से मुक्तिधाम के शवदाह भवन के ऊपर लगेगा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान शहर के प्रमुख विकास के मुद्दों पर सहमति बनाकर आगामी बजट में पेश करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष साहू ने सभी पीआईसी मेंबरों को शहर विकास में सहयोग करते हुए कार्य करने का निवेदन किया। उन्होंने पीआईसी मेंबरों से कहा कि आप सभी के सहयोग से हम शहर को विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने संकल्पित हैं। उन्होंने शहर के सेवाभावी संस्थानों, प्रतिष्ठित नागरिकों से भी अपील की कि शहर विकास में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। शहर में मूलभूत सहित विकास कार्यों में अब तेजी लाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में यह बैठक बुलाई गई है। बैठक का प्रमुख एजेंडों में नगर पालिका परिषद के लिए अध्यक्ष निधि मद से वार्ड क्र 29 भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में शव दाह भवन के उपर शेड निर्माण करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा गत दिनों जिला दिव्यांग संघ के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष साहू से मुलाकात कर दिव्यांगों के लिए भवन उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। उक्त मांग पर चर्चा कर आज बजट में शामिल करने का निर्णय लिया गया। चर्चा में यह निर्णय लिया गया कि वार्ड



क्रमांक 15 स्थित व्यायाम शाला को उन्नति दिव्यांग कल्याण संघ महासमुंद के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें प्रदान किया जाएगा। जिससे दिव्यांगजन यहां अपनी गतिविधियों को संचालित कर सकें। इसके अलावा जाति एवं निवास के प्राप्त आवेदनों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद से शेष 3100 लाख के विकास कार्यों पर विचार एवं निर्णय, 2 एचपी मोटर पंप क्रय के संबंध में निर्णय, नगर पालिका परिषद महासमुंद में रिक्त राजस्व उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति करने का निर्णय, पालिका में कार्यरत तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने का निर्णय, वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए आयकर, जीएसटी, उपकर फाइलिंग रिटर्न कार्य के लिए भावपत्र सूचना आमंत्रण कर न्यूनतम दर की स्वीकृति के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया। बैठक में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभा जय देवांगन, सभापति सूरज नायक, सभापति गुलशन साहू, सभापति ईश्वरी भोई, सभापति जितेंद्र ध्रुव के अलावा सीएमओ अशोक सलामे, विभाग प्रभारी गण दिलीप कश्यप उप अभियंता, करण यादव लेखापाल, सीताराम तेलक जल प्रभारी, कृष्णकुमार वैष्णव प्रभारी राजस्व, सुरेश तिवारी वाहन प्रभारी, नौशाद बक्श एसबीएम, यशवंत ठाकुर लोनिवि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## अरंड में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ

**अरंड (पिथौरा)।** गुरुवार को प्रज्ञा पीठ ग्राम अरंड में गायत्री जयंती गंगा दशहरा पावन पर्व पर एक कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर जय सिंह, रेनू दीवान, आनंद राम ध्रुव, अक्तु दीवान, विश्राम निषाद, ताराचंद पटेल, जोगीराम पटेल, बसंत पटेल, आदित्य पटेल, भानु प्रकाश राणा, दुकालू महेश ध्रुव, लखन ध्रुव, गौरी शंकर पटेल, नर्मदा पटेल, केसर देवांगन, रेवती तारक, रामायण सेन, हेमलता पटेल, लता भोई, कृष्णा ध्रुव, नवीन साहू आदि उपस्थित रहे।



## वार्ड 14 में चावल उत्सव का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 14 स्थित सार्वजनिक राशन वितरण केंद्र में चावल उत्सव की शुरुआत भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, पार्षद प्रतिनिधि सोनाधर सोनवानी, भाजपा नेतागण शरद मराठा, पलास यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि प्रदेश की जनता को बरसात में परेशानी न हो, इसलिए 3 माह का राशन एक साथ दिया जा रहा है। सभी बीपीएल, एपीएल राशन कार्डधारी 30 जून तक 3 माह का चावल राशन दुकान से प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि बीपीएल वालों को चावल मुफ्त में दिया जा रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने राशन दुकानदार को कहा कि हितग्राहियों की शिकायत आ रही है कि आप चावल के बदले रुपए लेने के लिए प्रेरित कर रहे है, जो गलत है।

## अघरिया समाज महासमुंद के नगर अध्यक्ष बने नारायण

**महासमुंद।** अखिल भारतीय अघरिया समाज महासमुंद नगर इकाई के अध्यक्ष पद के लिए नारायण चौधरी को मनोनीत किया गया। नगर अध्यक्ष नारायण ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें संरक्षक नैन पटेल, खगेश्वर पटेल, गणेश नायक, जयराम पटेल, संयोजक नरेंद्र नायक, चंद्रहास कश्यप, समन्वयक पीतांबर पटेल, सचिव ऋषि पटेल, कोषाध्यक्ष फगुलाल पटेल, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ लखन पटेल, उपाध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, धरम पटेल, जशोमती पटेल, महासचिव वृंदावन पटेल, गौकरण पटेल, उमा चौधरी, सहसचिव सागर चौधरी, राजेंद्र पटेल, दिलीप चौधरी, संगठन सचिव नीलेश पटेल, गेंदलाल नायक, प्रचार सचिव धनजंय पटेल, प्रवक्ता सुरेन्द्र चौधरी, विधि प्रकोष्ठ अरुण पटेल, सलाहकार मंडल परुषोत्तम पटेल, भोजराम पटेल, बोटलाल पटेल, मोहर सिंह पटेल, रामु पटेल, विशेष आमंत्रित सदस्य विष्णु पटेल, देव पटेल, भोजराम चौधरी, मुरलीधर पटेल, ओमप्रकाश चौधरी, दुबे कुमार पटेल, अशोक पटेल, खेमराज पटेल, मनोज पटेल, दयालाल पटेल शामिल है।

# गंगा दशहरा से पहले ही लौटे प्रवासी मजदूर, गांवों में लौटी रौनक

## बारिश के चलते ईंट भट्ठों का काम ठप, मजदूर समय से पहले घर पहुंचे, गांवों में बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड के ग्रामीण इलाकों से उत्तरप्रदेश, राजस्थान और झारखंड के ईंट भट्ठों में काम करने गए मजदूर इस बार गंगा दशहरा से पहले ही अपने गांव लौट आए हैं। आमतौर पर यह देखा जाता था कि प्रवासी मजदूर गंगा दशहरा पर्व के बाद घर लौटते हैं, लेकिन इस वर्ष हालात कुछ अलग हैं। मजदूरों की समयपूर्व वापसी का मुख्य कारण है, लगातार हो रही बारिश, जिससे भट्ठों का काम पूरी तरह से ठप हो गया है।

बारिश की वजह से ईंट पकाने और बनाने का काम रुक गया, जिसके चलते ठेकेदारों ने मजदूरों को काम पर रोक लगा दी और वे अपने घर लौटने लगे। इससे पहले की गर्मी की तुलना में इस बार प्री मानसून की जल्दी दस्तक ने ईंट भट्ठा के कामकाज पर खासा असर डाला है।



मजदूरों की जल्दी वापसी ने गांवों में फिर से चहल-पहल ला दी है। खेत-खलिहानों से लेकर बाजारों तक रौनक लौट आई है। पिथौरा के स्थानीय बाजारों में खरीदारों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं । गांवों में भी पारिवारिक माहौल में खुशहाली का माहौल है।

गुरुवार को गंगा दशहरा का पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, लेकिन इस बार खास बात यह रही कि पर्व के पूर्व ही अधिकांश प्रवासी मजदूर अपने घर लौट आए थे। आमतौर पर यह देखा जाता था कि मजदूर गंगा दशहरा के बाद ही वापसी करते हैं, लेकिन इस वर्ष लगातार बारिश के कारण ईंट भट्ठों का काम प्रभावित हुआ, जिससे मजदूरों को तय समय से पहले ही घर लौटना पड़ा।

## सुनवाई : जिले में हुई 10वीं जनसुनवाई

# महिलाओं को न्याय दिलाने आयोग की प्राथमिकता : डॉ. किरणमयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की

- **महिला आयोग की जनसुनवाई, महासमुंद में 07 प्रकरणों पर हुई सुनवाई, तीन प्रकरण नस्तीबद्ध**

अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई हुई। यह आयोग की प्रदेश स्तर पर 319वीं एवं महासमुंद जिले में 10वीं जनसुनवाई थी। इस दौरान कुल 07 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास समीर पांडेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं आवेदकगण मौजूद थे।



प्रकरण एक में महिला ने पुलिस विभाग में कार्यरत आरक्षक (नं. 932) पर विवाह का झांसा देकर शोषण करने का आरोप लगाया। आरोपी विवाहित है और दो बच्चों का पिता भी है। पहले एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी, लेकिन आयोग की पहल के बाद थाना कोतवाली महासमुंद में एफआईआर दर्ज हुई। आरोपी उच्च न्यायालय से जमानत पर है और वर्तमान में तीन माह के लिए निलंबित होकर लाईन अटैच है। मामला महासमुंद जिला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। प्रकरण 2 में एक शिक्षक, जो 45,000 रुपए मासिक वेतन प्राप्त करता है, के साथ आवेदिका का पारिवारिक विवाद वेतन अटकने के कारण हुआ था। अब दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह हो चुकी है और वे दो बच्चों के साथ एक साथ रह रहे हैं। आवेदिका द्वारा प्रकरण समाप्त करने की इच्छा जताने पर आयोग ने इसे नस्तीबद्ध किया।

प्रकरण 03 में दोनों पक्षों की यह दूसरी शादी है और वे पिछले पांच माह से अलग रह रहे हैं। पूर्व विवाह से दोनों को संतानें हैं। अब तक तीन बार काउंसलिंग हो चुकी है और अगली काउंसलिंग 6 अगस्त 2025 को रायपुर महिला आयोग में प्रस्तावित है।

इसलिए आयोग ने इस प्रकरण को अगली सुनवाई के लिए लंबित रखा है। एक अन्य मामले में संरक्षण अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है और वे साथ रह रहे हैं। दोनों ने प्रकरण समाप्त करने की सहमति दी, जिस पर आयोग ने इसे भी नस्तीबद्ध किया। जनसुनवाई में डॉ. किरणमयी नायक ने सभी मामलों की संवेदनशीलता से समीक्षा की और निर्देशित किया कि महिलाओं को न्याय दिलाने में कोई कोताही न हो। आयोग द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें न्याय दिलाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

# कारागुला में भीमसेन एकादशी पर मेला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत पण्डरीपानी के आश्रित ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी 6 जून शुक्रवार को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष पर भीमसेन एकादशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर महाभारत काल के पांचों पांडव भ्राता भीमसेन, भगवान कृष्ण सहित माता कुंती, द्रौपदी, धर्मराज अर्जुन, युधिष्ठिर, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाए स्थापित है। आयोजक समिति के सदस्यों में संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीताम्बर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, सहसचिव संतराम ठाकुर एवं ग्राम विकास समिति के सभी सदस्यों ने बताया कि यह मेला का आयोजन तीसरी पीढ़ी के हाथों में चल रहा है। मेला लगने के पीछे बहुत ही रोचक प्रसंग के साथ श्रद्धा एवं विश्वास का आस्था जुड़ा हुआ है। सन 1978 से प्रारंभ पूरे धार्मिक एवं भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ था। चारों ओर भीषण अकाल से हाहाकार मचा हुआ था। जींव जंतु प्यास से व्याकुल हो रहे थे, फसल नष्ट होने के कगार पर था, तब इस गांव के बुजुर्गो ने बैठक में निर्णय लिया गया महुआ पेड़ की लकड़ी से भीमसेन की मूर्ति का निर्माण किया गया। उसे पितृ पक्ष की नवमीं जिसे मातृ नवमीं के नाम से जाना जाता है, इस दिन महुआ लकड़ी से बनाए गए भीमसेन की मूर्ति को सभी ने बारी - बारी से विधि विधान से पूजन अर्चन व प्रार्थना की गई। इसके बाद गौ माता का गोबर का घोल बनाकर लेपन किया। पश्चात सभी ने एक पैर पर खड़े होकर महाबली भीमसेन से प्रार्थना की गई बोले कि हे भीमसेन यदि आप में इतनी शक्ति है तो इतनी बारिश करो कि अपने शरीर पर लगे गोबर का लेप धूल जाए।

- **दर्शन पूजन के लिए हजारों श्रद्धालु जुटेंगे, इस दिन द्रोपती समेत पांचों पांडव ने उपवास किया था**

इसे संयोग कहे या चमत्कार कुछ क्षण में घनघोर काली घटाएं आसमान पर छा गए। भीषण गर्जना व बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी। लोग अपने घरों तक लौट नहीं पाए। नदी नाले भर गए, खेत खलिहान पर हरियाली छा गई। तब से आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला में आस्था महाबली भीमसेन पर प्रबल हो गई। आज भी मान्यता है कि भीमसेन एकादशी पर यहां अवश्य बारिश होती है या चाहे चंद फुहारे ही क्यों न हो। आज भी इस ग्राम के चारों ओर हजारों में संख्या में महुआ का झाड़ देख सकते हैं। इस दिन श्रद्धालु दूरदराज तथा आसपास गांवों से हजारों के तादाद में दर्शन पूजन के लिए लंबी कतार में देखी जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार पांडव के दूसरे भाई भीमसेन बड़े खाने पीने के शौकीन थे, वह अपनी भूख पर नियतंण नहीं रख पाते थे, उन्हें छोड़ कर सभी पांडव द्रौपदी एकादशी का व्रत किया करते थे। इस बात से भीम बहुत दुखी थे। भूख की वजह से व्रत नहीं रख पाते थे, उन्हें लगता था कि ऐसा करने से वह भगवान विष्णु का निरादर कर रहे है। अपनी इस समस्या को लेकर भीम महर्षि व्यास के पास गए थे तब महर्षि ने भीमसेन कहा कि वे साल में एक बार निर्जला एकादशी का व्रत रखे, उनका कहना था कि एक मात्र निर्जला एकादशी का व्रत साल की 24 एकादशियों के बराबर है तभी से इस एकादशी को भीम एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन अनेक घरों पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु एवं सत्य नारायण भगवान की पूजा तथा नवनिर्मित मकानों का प्रतिष्ठित की जाती है। 5 जून गुरुवार को कलश यात्रा के पश्चात दीप प्रज्वलन कार्यक्रम हुआ। रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम दाई के कोरा नीरा चक्रधारी साल्हे रेसडा जिला बालौदा बाजार दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में प्रेम सुमन नाचा पार्टी बेंदाड़ी तह छुरिया जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया।

## जनपद उपाध्यक्ष वृद्धाश्रम में मनाया वैवाहिक वर्षगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को एक अनूठे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। उन्होंने अपने पति जितेंद्र चंद्राकर के साथ वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ अपनी खुशियां बांटीं और समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता एवं लगाव का परिचय दिया।

श्रीमती चंद्राकर ने इस अवसर पर वृद्धाश्रम के निवासियों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने बुजुर्गों को फल, मिठाई ,वस्त्र एवं सहयोग राशि वितरित की। हुलसी ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत संतोषजनक अनुभव था। उन्होंने बताया कि समाज के इन अनुभवी सदस्यों के साथ अपनी खुशियां साझा करना उन्हें आत्मिक शांति प्रदान करता है। इस सराहनीय पहल की जनपद और समाज में व्यापक प्रशंसा हो रही है।



# कॉलेज खोलने की मांग, कार्ड लेखन कार्य के सहयोगियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

तीर्थ स्थल खल्लारी में महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर चलाए जा रहे पोस्ट कार्ड अभियान का कार्यक्रम आयोजित कर पोस्ट कार्ड संकलन किया गया। संकलित पोस्ट कार्डों को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया। उक्त अभियान के नेतृत्वकर्ता खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड अभियान से क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के हजारों लोगों को जोड़ा तथा लगभग 2300 पोस्ट कार्ड लेखन कराकर इस महाभियान को सफलता के शिखर तक पहुंचाया। इस महाभियान की सफलता के बाद कार्ड संकलन के लिए आयोजित कार्यक्रम में कार्ड



लेखन कार्य में सहयोग करने वाले क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत के सभापति भूमिका रामजी लाल सिन्हा थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत आंवराडबरी के सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि खल्लारी के पूर्व सरपंच रामजी लाल सिन्हा, भीमखोज के पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर, व्यवसायी दिनेश अग्रवाल, विशेष अतिथि ग्राम पंचायत मामाभांचा के उपसरपंच कोमल महानंद, ग्राम पंचायत पतेरापाली के उपसरपंच केवल यादव, जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज के संरक्षक देवक साहू, सिंघी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खेमराज साहू, भंडा एवं विकास समिति के अध्यक्ष रमेश तिवारी, खल्लारी व्यापारी संघ के अध्यक्ष पदुमलाल साहू, व्यवसायी मनहरण गुप्ता, वरिष्ठ ग्रामीण बैसाखु चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट्स एवं गाइड्स का दल सांस्कृतिक हाईक के लिए मनाली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 25 स्काउटर एवं गाइडर सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए हाईक कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के लिए रवाना हुए। यह यात्रा युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

रवाना होने से पूर्व स्काउटर-गाइडर्स के सम्मान में विधायक जनसंपर्क कार्यालय पिथौरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, रविंदर आज़मानी, एफए नंद, आरके पुरोहित, रामकुमार नायक, राजीव तिवारी और दिलीप निषाद सहित अनेक नागरिक एवं वरिष्ठ शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा यात्रा के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से सभी स्काउटर-गाइडर्स को मास्क वितरित किए गए और स्वास्थ्य सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस अवसर पर संतोष कुमार साहू, नरेश कुमार नायक, रोहिणी देवांगन, झनेश कुमार साहू, मनोज कुमार पटेल, कमलेश दीवान, विजय सिंहा, विजय कुमार प्रधान, दीपिका देवांगन, जानकी साहू, प्रज्ञा दीवान, ममता प्रधान और अनिता महंती की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## बिहाझर ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**बागबाहरा।** नशे से मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्राम पंचायत बिहाझर में मंगलवार को सरपंच काजल गजेंद्र साहू की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशा छुड़ाने में मदद करने की शपथ ली एवं नशामुक्ति के लिए एक समिति का गठन भी किया गया, जो अवैध शराब बेचने वाले पर सीधे छापेमार कार्रवाई करेगी और कानूनी कार्रवाई करवाने के लिए काम करेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिहाझर की सरपंच काजल गजेंद्र साहू, उपसरपंच दीपक साहू, पंच पुष्कर साहू, तिरिथ साहू, कामबाई यादव उपस्थित थे। इनके साथ ही ग्राम समिति अध्यक्ष गजेंद्र साहू, ग्राम पंचायत के सचिव लक्ष्मी चंद्राकर, पंचायत के अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। इस बैठक में सामूहिक रूप से लिया गया यह संकल्प, नागरिकों के भीतर नशाखोरी से लड़ने के लिए ग्राम पंचायत बिहाझर की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## डोंगरीपाली पंचायत में हुए कामों की जांच पर सवाल

**ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत, जांच में गड़बड़ी का आरोप**

**पिथौरा (ग्रामीण)।** ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के ग्रामीणों ने पंचायत में हुए कामों की जांच सही तरीके से न होने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पहले मुख्यमंत्री को शिकायत कर कहा था कि पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए हैं, उनका भौतिक सत्यापन कराया जाए। इस शिकायत के बाद जनपद पंचायत पिथौरा के करारोपण अधिकारी सुशील चौधरी को जांच का जिम्मा दिया गया। लेकिन शिकायतकर्ता एम.डी. सागर का कहना है कि जांच ठीक से नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में पारदर्शिता नहीं है और सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि जांच निष्पक्ष और खुलकर हो ताकि सच्चाई सामने आ सके और अगर कोई गड़बड़ी हुई है तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए।

# माहेश्वरी पंचायत ने धूमधाम से मनाया महेश नवमीं पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माहेश्वरी पंचायत, युवा मंडल, महिला मंडल एवं बालिका मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माहेश्वरी समाज द्वारा बाबा रामदेव मंदिर में वंशोत्पत्ति पर्व के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम भगवान महेश का अभिषेक पूजन एवं महाआरती की गई।

मुख्य अतिथि डा. रमेश भट्टर तिल्दा प्रदेश उपाध्यक्ष छग प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, विश्वनाथ राठी रायपुर, प्रदेश खेल मंत्री छग प्रादेशिक माहेश्वरी युवा मंडल संगठन, ज्योति लड्ढा अध्यक्ष महिला मंडल महासमुंद, अध्यक्षता पन्नालाल चांडक अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत, विशेष



अतिथिगण देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, द्वारकादास चांडक उपाध्यक्ष माहेश्वरी सभा धमतरी जोन, पारस चांडक सचिव माहेश्वरी पंचायत, ताराचंद चांडक प्रदेश कार्यकारी सदस्य छग प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, मूलचंद लड्ढा कार्यक्रम संयोजक धमतरी जिला जोन, श्याम राठी अध्यक्ष स्थानीय महेश युवा मंच, सचिव गौरव राठी, उमा चांडक महिला संगठन कोषाध्यक्ष धमतरी जिला जोन, चंदा टावरी सचिव, स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल मंच पर अतिथि बतौर उपस्थित थे।

भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर से बाजा गाजा के साथ निकाली गई। जिसमें समाज के सभी महिला पुरूष युवा बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर मंदिर में विसर्जित हुई। भगवान महेश की आकर्षक झांकी थी। जगह-जगह चौक चौराहों में आतिशबाजी की गई। समाजजनों ने रास्ते में जलपान व्यवस्था रखी थी। छग कृषि एवं बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं भाजपा नेताओं ने डा. अंबेडकर चौक में शोभायात्रा का स्वागत किया। अंत में उपस्थिति पर लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें एक ही परिवार को तीन लक्की ड्रा प्राप्त हुआ। लक्की ड्रा में प्रथम स्थान कंचन राठी, द्वितीय संतोष राठी, तृतीय बृजमोहन राठी रहे। समाज के होनहार युवा 10वीं, 12वी., उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सभी कार्यक्रम को सफल बनाने में माहेश्वरी पंचायत, माहेश्वरी युवा मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल, बालिका मंडल का अनुकरणीय योगदान रहा।



## पार्षद ने किया चावल उत्सव का शुभारंभ

**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 25 के राशन कार्ड हितग्राहियों को 3 माह (जून, जुलाई, अगस्त) का राशन एकमुश्त प्रदान कर चावल उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद भाऊराम साहू थे। इस अवसर पर भाजपा पार्षद साहू ने हितग्राहियों को चावल वितरण कर सेल्समैन को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी हितग्राही राशन से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखे। शासन ने हितग्राहियों बारिश को मध्य नजर अग्रिम रूप से राशन प्रदान कर रहा है। जिसका लाभ सभी को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पार्षद ने बीपीएल सहित एपीएल हितग्राहियों को भी राशन का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** जिले के 03 जरूरतमंदों के लिए शिक्षा एवं रोजगार के लिए कुल 22 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत की है। इनमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हरिया की यशोदा साहू के लिए शिक्षा के लिए 7 हजार रुपए, ग्राम लाफिनखुर्द निवासी दशरथ पुरैना के लिए 5 हजार रुपए एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम झालपाली की रविना भास्कर के लिए स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपए आर्थिक सहायता स्वीकृत किए गए है।

### नर्रा के पूर्व छात्र झम्मन का नेट क्वालीफाई



**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 12वीं कक्षा से कला संकाय के पूर्व छात्र झम्मन साहू पिता देवराम साहू ने व्यापम द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा को भूगोल विषय में क्वालीफाई किया। इसके बाद झम्मन महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक परीक्षा के लिए पात्र हो गए है। उन्होंने बारहवीं के बाद रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में उच्च अध्ययन किया। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### बाइक सवार से लूट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके दो साथियों के खिलाफ कैश तीन हजार रुपए लूटने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेमलाल साहू ने हितेश ध्रुव तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, 101 पौधे रोपे गए

## सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सामान्य वन मंडल पिथौरा द्वारा ग्राम पंचायत डोंगरीपाली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 101 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस आयोजन में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, सभापति श्यामलाल बहवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, ग्राम सरपंच किरण दुलीकेशन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में एसडीओ (राजस्व) ओमकारेश्वर सिंह, तहसीलदार नितिन ठाकुर, जनपद सीईओ सीपी मनहर, विद्यालय प्राचार्य पद्मलोचन प्रधान समेत क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मातृभूमि और मां दोनों के प्रति हम सबकी गहरी भावनाएं होती हैं। ऐसे में यह अभियान पर्यावरण और संवेदना दोनों के संरक्षण का प्रेरक प्रयास है। एसडीओ ओंकारेश्वर सिंह और तहसीलदार नितिन ठाकुर ने भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे। वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने जानकारी दी कि इस वर्ष पिथौरा परिक्षेत्र में 3 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना और मुख्यमंत्री मित्र संपदा योजना के तहत 2.25 लाख पौधे किसानों की भूमि पर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में दुलीकेशन साहू, सनतकुमार पंडा, युगल किशोर डड़सेना, ललित पटेल, गुरुचरण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम



**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य संजय कंसल के नेतृत्व एवं संचालन में विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के 11 शिक्षकों, 20 विद्यार्थियों एवं 7 अभिभावकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने आम, पीपल, नीम, बरगद, चीकू, पारिजात, जामुन आदि विभिन्न प्रकार के वृक्षों को अपनी मां के नाम समर्पित किया तथा इन वृक्षों की सेवा करने का संकल्प लिया। साथ ही कक्षा 6वीं की छात्रा हिमांशी के पिता त्रिलोचन साहू तथा अन्य अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ पौधे लगाते हुए कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की। पेड़ लगाने के लिए सभी बच्चे काफी उत्साहित लगे। प्राचार्य संजय कंसल ने बच्चों को पेड़ों के महत्व को समझाया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का आयोजन वंदिनी जौहरी एवं सूर्य कुमार साहू द्वारा किया गया। साथ ही विद्यालय के माली रिखीराम का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में वीएन प्रधान, वंदिनी जौहरी, रवीना मीणा, सूर्यकुमार साहू, ओपी चंद्राकर, प्रवीण कुमार साहू, धर्मेंद्र पटेल, प्रभात कुमार देवांगन, संजय सिंह बघेल एवं संतोष गोदरे मौजूद रहे।

# प्लास्टिक फ्री व पर्यावरण बचाओ-पौधे लगाओ के नारे के साथ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधा रोपित कर आमजन से अपील की गई कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसे बड़ा होने तक उसका संरक्षण करें। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने की भी सलाह दी। पौधारोपण में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को हरा-भरा बनाने के लिए चलाया गया अभियान अत्यंत सराहनीय है, और हम सभी को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के नारे के साथ वन परिक्षेत्र सरायपाली के परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्यूष टांडेय की अगुवाई में वन परिक्षेत्र कार्यालय से जयस्तंभ चौक सरायपाली तक प्लास्टिक फ्री एवं पर्यावरण बचाओ पौधे लगाओ के नारे के साथ रैली निकाली गई। जिसमें स्काउट एवं रेड क्रॉस के बच्चे के साथ पूरे वन अमला



उपस्थित रहे। पश्चात हाईस्कूल सिंघोड़ा में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, तन्मय पांडा एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सेजेस तुमगांव परिसर में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएमश्री सेजेस तुमगांव में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एल कुरिल के नेतृत्व में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पौधारोपण और पर्यावरण जागरुकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एल कुरिल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व और एक पेड़ मां के नाम अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए किया। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाने की प्रेरणा दी। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता है। कार्यक्रम में शिक्षक आईएल साहू और केआर साहू ने प्रभावशाली भाषण दिए। आईएल साहू ने अपने भाषण में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं केआर साहू ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति छोटे-छोटे कदमों, जैसे पानी की बचत और कचरा प्रबंधन, के महत्व के बारे में बताया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने उपस्थित सभी लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई। छात्रों ने इस अवसर पर पेड़ लगाने के साथ-साथ पर्यावरण जागरुकता प्लास्टिक प्रदूषण को हटाओ थीम पर आधारित रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं, जो इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की वैश्विक थीम भी है। प्राचार्य एल कुरिल ने कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके उत्साह और योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा, यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि हमारी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम को भी व्यक्त करता है। हम सभी को मिलकर अपनी धरती को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना चाहिए। स्कूल के अन्य शिक्षक कामता प्रसाद साहू, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, लक्ष्मी नारायण साहू, सजल चंद्राकर, लोकेश साहू, अंकिता ठाकरे और सविता ध्रुव ने भी वृक्षारोपण और अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। सुषमा गिलहरे और दुर्गेश ध्रुव सहित अन्य कर्मचारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वृक्ष केवल प्रकृति का आभूषण नहीं, बल्कि जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरुकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में पौधरोपण किया गया, जिसे उन्होंने एक संकल्प और जनभागीदारी की प्रतिज्ञा के रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा रेडक्रॉस की जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सेवाओं की जानकारी से हुई। उन्होंने संस्था द्वारा पर्यावरण, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का विवरण साझा किया। इसके उपरांत चेयरमैन संदीप दीवान ने पौधरोपण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी और उपस्थितजनों को इस कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कलेक्टर लंगेह ने



कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति का आभूषण नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। उन्होंने वृक्षारोपण को एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए सभी को इसके लिए प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा रेडक्रॉस कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया, जहां उन्होंने भवन की स्थिति, संसाधनों एवं आवश्यकताओं का अवलोकन करते हुए कार्यालय के समुचित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारीगण, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेंद्र कुमार माल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सकगण, रेडक्रॉस प्रबंध समिति के सदस्य दाऊ लाल चंद्राकर, राजेश्वर खरे, आकाश पांडेय, अभिषेक पांडे, प्रमोद तिवारी, सती साहू, अरुणा शुक्ला, प्रेम नारायण चंद्राकर, माधव लाल टाकसाले, एचआर बघेल, हीरा लाल बंजारे, मनीष शर्मा, वार्ड पार्षद शुभा शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्या मरकाम, सुधा रात्रे, प्रभा पंडा, रामेश्वरी साहू, निकिता मसीह द्वारा रेडक्रास गीत प्रस्तुत किया, रेडक्रॉस लिपिक सागर ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर तेजलाल देवांगन, कुंदन थानेकर, द्वारिका प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे।



## खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान, रोपाई के लिए डाल रहे बीज

**नर्रा।** क्षेत्र में साधन संपन्न ट्यूबेल वाले किसान खरीफ फसल के लिए कृषक अपने खेतों में पानी छोड़ने के बाद ट्रैक्टर से मताई के पश्चात रोपाई के लिए धान बीज डालना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि ज्येष्ठ माह कुछ ही दिन शेष है। आषाढ़ माह लगते ही किसानी कार्य शुरू होने की संभावना है। इस प्रकार क्षेत्र में भीमसेनी एकादशी के पहले किसान से जानकारी लेने पर कुछ गिने चुने किसान खुर्रा की बुआई की शुरूआत की गई है।



## कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**कोमाखान।** बटोरा प्रज्ञा पीठ में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा का पर्व बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक अखंड जप हुआ। पश्चात एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया। यज्ञ का संचालन देवानंद वेदव्यास द्वारा संगीत प्रवचन से किया गया, उन्होंने गायत्री जयंती एवं गंगा दहहरा पर्व पर सारगर्भित रूप से पेश किए। पूर्णाहुति के बाद माता भगवती का अमृत प्रसाद समस्त उपस्थित जनों नें ग्रहण किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सालिक राम साहू, डेरहा राम साहू, पीलूराम देवांगन, खेदू सोनी, थानवर साहू, गेंदराम पटेल, मूलचंद साहू, जनक राम साहू, लोकेंद्र देवांगन अभिषेक देवांगन, घनराम यादव, अशोक साहू, देवनारायण साहू, देवव्रत सिंह, हरख राम, रतन, येतराम साहू, देवनाथ साहू बालमुकुंद साहू, गोवर्धन सिन्हा, तेजेश साहू, दयानंद साहू, नर्बदा देवी देवांगन, आशा सोनी, गायत्री देवांगन प्रेमा साहू, जागृति साहू, भूमिका साहू, रुपाली साहू, खुशी साहू, रौशनी सिन्हा, देविका साहू, रसमिता सिन्हा उमेश्वरी साहू, सुहाना साहू जननी सिन्हा, लवली साहू, दीपांजलि साहू, लिव्या साहू, प्रायशी साहू, मुस्कान साहू अग्रोतिन बाई साहू, हीरा बाई साहू, जमुना बाई साहू सहित अनेक गायत्री परिजन सम्मिलित हुए। यह जानकारी केआर सोनी ने दी है।

## खरोरा में किया गया पौधारोपण



**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम खरोरा में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कौशल्या चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# पौधा लगाना हमारी माताओं और प्रकृति मां के प्रति एक भावनात्मक श्रद्धांजलि: करुणा

**महासमुंद।** शासन के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो करुणा दुबे ने सभी को बताया कि 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस को प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें थीम के साथ सेलिब्रेट किया जा रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित करते हुए हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। इस नई पहल का लक्ष्य 5 जून से 30 सितंबर के बीच 10 करोड़ पेड़ लगाना है, जो 5 जून को विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस को चिह्नित करेगा। अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने बताया कि दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने के खाने और हमारे शरीर में समा रहा है।

जबकि, प्लास्टिक प्रदूषण एक बड़ी चिंता का विषय है, यह आज की पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है, जिसका समाधान सबसे आसान है और इसके कुछ स्पष्ट समाधान भी मौजूद हैं। विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण के प्रभावों पर बढ़ते वैज्ञानिक प्रमाणों पर प्रकाश डालेगा और प्लास्टिक के उपयोग को अस्वीकार करने, कम करने, पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण करने और पुनर्विचार करने के लिए गति प्रदान करेगा। डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख ने विशेष रूप से सभी से आग्रह किया कि वे अपनी माताओं के नाम पर एक पौधा लगाएँ, जो प्रेम, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है।

इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक मनीराम धीवर, डॉ दुर्गावती भारतीय, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी, मनबोध चौहान, सरस्वती सेठ, मनोज शर्मा, मुकेश साहू, बीएल साहू, वेद देवांगन, प्रकाशमणि साहू, राकेश जांगड़े, सुशील जांगड़े, ललित लोधी, मुकेश पेंदरिया, कपिल पेंदरिया, संतोष साहू, रोहित कन्नौजे, स्वयंसेवक दिनेश साहू, दिनेश सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, योगेश चंदेल, पीलाराम, गायत्री, सुनीता, अजय सहित महाविद्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारिश के पहले निगम सख्त, नाले साफ कराने अवैध पाटे ढहाए, कहीं तोड़फोड़ का विरोध तो कहीं हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


संतोषी नगर चौक से पचपेड़ी नाला चौक नाले पर बने 30 अवैध पाटे को जोन 6 अमले ने बुधवार को जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। पाटे तोड़ने बाद नाले की तले तक सफाई कराई। वहीं महोबा बाजार स्थित जोन 8 की टीम ने टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से मुक्त कराने अभियान चलाया। इस दौरान एक भोजनालय को तोड़े जाने पर प्रभावितों ने जोन दफ्तर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। दफ्तर के कांच तोड़ डाले और जोन दफ्तर परिसर में खड़े निगम के एक वाहन को क्षति पहुंचाई। सूत्रों के मुताबिक तोड़फोड़ करने वाले ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हंगामा करने वालों को हिरासत में ले लिया। यह आमानाका क्षेत्र का मामला है।

दरअसल बारिश पूर्व शहर के नाले-नालियों के सफाई की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को फ्री हैंड करते हुए हिदायत दी है कि नाले-नालियों पर अतिक्रमण के चलते यदि

## संतोषी नगर से पचपेड़ी नाका चौक तक नाले पर बने 30 अवैध पाटे ढहाए

**खास बातें**

- निगम अमले ने जेसीबी मशीन लगाकर नाले की सफाई कराई सुगम
- महापौर के निर्देश पर जोन 6 अमले ने लिया एक्शन





### अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध जोन दफ्तर में हंगामा

नगर निगम जोन 8 और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया। इस दौरान एक भोजनालय को तोड़ने की कार्रवाई को लेकर प्रभावितों ने इसका जमकर विरोध किया। प्रभावितों ने जोन 8 दफ्तर में पहुंचकर हंगामा किया। जोन दफ्तर के सामने लगाए गए कांच तोड़ डाले साथ ही परिसर में रखे निगम के एक वाहन को क्षति पहुंचाई। पुलिस ने बड़ी मशक्कत से हंगामा करने वाले को हिरासत में ले लिया।

जलभराव का अंदेशा है तो इस पर तत्काल संज्ञान लेकर अवैध अतिक्रमण हटाएं, इसके लिए नोटिस देना जरूरी नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को जोन 6 नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को तोड़ने की कार्यवाही की।

नाले से इस दौरान भारी मात्रा में मलबा, प्लास्टिक कचरा, कांच की बाटल, प्लास्टिक पन्नियों का ढेर निकाला गया। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, राहुल थारानी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया, जिसमें संतोषी नगर चौक से लेकर पचपेड़ी नाका चौक मार्बल लाइन तक नाले के ऊपर अवैध पाटे बनाने से नाला सफाई का कार्य बाधित हो रहा था। साथ ही नाला जाम होने से आसपास के इलाकों में जलभराव का अंदेशा बना हुआ था। पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर कचरा नाले से बाहर निकालकर सुरक्षित जगह परिवहन कराया गया।

**न्यायालय उप तहसील तुमगांव, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.... वर्ष 2024-25
ग्राम तुमगांव, प.ह.नं.- 30
तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)
// सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि आवेदक पप्पू कुमार पिता लालाराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम तुमगांव द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम तुमगांव स्थित भूमि ख.नं. 1680 रकबा 0.0730 हे. भूमि से आवेदक के पिता के द्वारा क्रय किया गया था जिसका नामांतरण हो चुका है। किन्तु उक्त ख.नं. 54 आनलाईन में अनावेदक साधुराम पिता लेडगा के नाम से दिख रहा है जिसे सुधार किया जावें, जो कि इस न्यायालय मे विचाराधिन है। उपरोक्त संबंध में साधूराम पिता लेडगा राम को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि उक्त संबंध में किसी भी प्रकार दावा, आपत्ति पेश करना है तो वह दिनांक 13.06.2025 तक न्यायालय में स्वंय या अपने अभिभाषक या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार तुमगांव
महासमुंद (छ.ग.)

## विश्व पर्यावरण दिवस : पटपरपाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

# पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के लिए लोगों में जागरुकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पटपरपाली(कोमाखान)



विश्व पर्यावरण दिवस (पांच जून) के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 नामक विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई उस पहल का दूसरा चरण है, जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

ग्राम पंचायत सरपंच लता कमलेश टांडेय ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी। इस अभियान की अपील करते हुए, प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों से इस पहल के माध्यम से रहने योग्य एक बेहतर पृथ्वी के निर्माण और सतत विकास में योगदान देने का अनुरोध किया था। एक पेड़ मां के नाम अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वृहद वृक्षारोपण अभियान है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में वृक्षों की संख्या बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण करना और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है।

इस वर्ष यह अभियान पांच जून से 30 सितंबर तक चलेगा। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा जिलों के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि इस अभियान को मिशन लाइफ के तहत संचालित किया जाएगा। स्कूलों में ईको क्लब की मदद से इसे लागू किया जाएगा, जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी की जाएगी। हर विद्यालय को पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। पौधारोपण के लिए स्कूल परिसर, स्कूल के आसपास की खाली भूमि, ग्राम पंचायतों द्वारा चिन्हित स्थान, जल स्रोतों के आसपास, सार्वजनिक स्थल, पार्क, स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत क्षेत्र, नगर वन, ग्रीन बेल्ट, और सड़क किनारे की भूमि जैसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अभियान में वन विभाग, उद्यान विभाग, शहरी निकाय और पंचायत राज विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नर्सरियों से निशुल्क पौधे प्राप्त किए जा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय, पटपरपाली पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, रोजगार सहायक एशराम साहू, पंचगण थलेश्वरी साहू, हवंत साहू, सुनीता साहू, मुकेश गुप्ता, हेमलता साहू, कल्पना तिवारी,मनोज साहू, कांति साहू, मोहन साहू, चेतन साहू, केशराम साहू, सुरित साहू, मनोज चंद्राकर, दशरथ साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू, गमला साहू, बालकुमार साहू और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए।

## बागबाहरा में निकाली जागरुकता अभियान रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा



विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत के तहत नगर पालिका बागबाहरा ने जागरुकता अभियान के तहत मुख्य मार्ग पर रैली निकाली। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना है। इस रैली की शुरुआत चार जून को शाम पांच बजे नगर पालिका कार्यालय भवन से की। नपाध्यक्ष ने व्यापारियों व आम जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करके पर्यावरण को सहेजा जा सकता है। प्लास्टिक की थैली की जगह कपड़े का थैला इस्तेमाल करना है। इस रैली का उद्देश्य प्लास्टिक व पर्यावरण के प्रति आम जनता को जागरूकता बढ़ावा देना है। इस मौके पर खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष, देवेश साहू नपाउपाध्यक्ष, सविता दीवान पार्षद, रमेश ठाकुर पार्षद, मंता यादव पार्षद, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर पार्षद, रूपेश प्रेम साहू, शिवा जगत पार्षद, महेंद्र गुप्ता, चमेली साहू, राजू चौधरी, श्याम पटेल, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व स्वच्छता दीदी मौजूद थे।



### तेंदूकोना स्कूल में हुआ पौधारोपण

**तेंदूकोना।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सोनसिंह दीवान, गौरैया इको क्लब प्रभारी ममता तिवारी, कोमल ध्रुवंशी, रेखराम दीवान, नेपाल सिन्हा, अशोक दीवान, सत्यवती ध्रुव, धर्मिन बरिह, द्वारिका आदि उपस्थित रहे। बता दें कि विगत वर्षों से विद्यालय परिसर में लगभग 300 नग फलदार, फूलदार और औषधीय पौधे वन विभाग व गौरैया इको क्लब के बच्चों द्वारा लगाए जा चुके हैं।



### परसुली सोसाइटी परिसर में हुआ पौधारोपण

**नर्रा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, समिति प्रभारी राजेश पटेल, तेजलाल साहू, गणेश्वर यादव, नीलकंठ पटेल, कृषक कोमल सोम, फैलसिंह पटेल, अवधराम निषाद, छबिराम पांडे, गोहाराम पटेल आदि मौजूद रहे।

### आशीबाई स्कूल में हुआ एक पेड़ नाम के नाम कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह घनश्याम सोनी थे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि अरूणा शुक्ला, नीलम दीवान, हरवंश सिंह ढिल्लो, रितेश गोलछा, आनंद गिरि गोस्वामी, सतपाल सिंह पाली, सती साहू, अनुज पांडेय, महेंद्र जैन, सुनीता देवांगन रहे। मुख्य अतिथि सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक प्राणी को जीवित रहने के लिए के लिए सबसे जरूरी आक्सीजन है, इसलिए पेड़ पौधे भी जरूरी हैं। दीवान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन तोषण गिरि गोस्वामी ने तथा आभार प्रदर्शन रितेश गोलछा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विमल मन्नाडे, संजय मांझी, देवेंद्र कुमार शर्मा, हेमंत खुंटे, आशीष देवांगन, खोमन चंद्राकर, कीर्तन साहू, पूजा साहू, छाया रंगारी, नोबल ध्रुव, तुलसी साहू, लता वैष्णव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## फलदार पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा



संपूर्ण विश्व में जहां पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार जहां प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं शासकीय हाईस्कूल खोपली में विश्व पर्यावरण दिवस पर फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक बैग्स के स्थान पर कपड़े के बने थैलों के उपयोग, पानी की बर्बादी पर ध्यान देने आदि विषय पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यासागर ठाकुर सरपंच, अध्यक्षता दिनेश चंद्राकर एसएमडीसी अध्यक्ष, विशेष अतिथि भीमसेन चंद्राकर, निरंकार चंद्राकर, रूप लाल टांडे, गौरी टांडे आदि की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में प्रमिला साहू, ममता साहू, सोहद्रा देवांगन, किशन साहू, डिंपल वर्मा, सीमा दीवान, प्रदीप वर्मा संकुल समन्वयक, भोपाल सिंह बंजारा प्राचार्य खोपली, बुधराम, विशाखा देवांगन आदि एवं गांव के नागरिक उपस्थित रहे।



### तेंदूकोना के स्कूल परिसर में हुआ पौधारोपण

**तेंदूकोना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को ग्राम पंचायत तेंदूकोना के सरपंच देवन्तीन दीवान, उपसरपंच उज्जवल अग्रवाल, सचिव विद्याचरण पटेल व समस्त पंचों की उपस्थिति में हाईस्कूल परिसर, कन्या शाला व प्राथमिक शाला परिसर में फलदार एवं छायादार के कुल 150 पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान पंच बल्लू खान, डिगेश्वर दीवान, राज मानिकपुरी, हेमलता बैरागी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा दीवान, डिंपल बरिहा, अंबिका साहू, धनेश्वरी दीवान सहित प्राथमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

## खुटेरी स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अरंड (पिथौरा)



विश्व पर्यावरण दिवस पर देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर खुटेरी में पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला सरपंच सुशीला मांझी के साथ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक डोलामणी साहू, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल उपस्थित थे।

इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि दस कुंओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाब के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष है, ऐसा शास्त्रों में कहा गया है इसलिए वृक्ष जरूर लगाएं। डोलामणी साहू ने विचार रखते हुए कहा कि नदियां, पहाड़, तालाब, पेड़ पौधे ये सब हमारे धरती के साक्षात देवता है, जो हमें प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्रदान करते हैं। अस्तु इनका संरक्षण पूजा के तुल्य करना चाहिए।

पेड़ पौधे जीव-जंतु एक दूसरे के पूरक हैं, इसलिए हम इनका संवर्धन कर स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं इसलिए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं और इन्हें बड़ा होने तक सुरक्षित भी रखें। क्योंकि, कोई भी कार्य परिणाम मूलक होना चाहिए। पालेश्वर पटेल ने भी प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति का उदाहरण देते हुए कहा कि पृथ्वी पर ऐसी कोई भी वनस्पति नहीं है, जो औषधि न हो इसलिए भी हमें पौधों की सभी प्रजातियों का भी संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। इस आयोजन में विश्वनाथ मांझी, लेखराम ध्रुव, लक्ष्मी लाल ध्रुव, घनश्याम धांधी, रघुनंदन पटेल, चंचल सिन्हा वकालत सिंह का योगदान रहा।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा नवनिर्मित वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र एडीआर भवन परिसर में पीपल का पौधा लगाए गए, तथा उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की गई। आज के दिन विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना है।



### चरौदा में किया गया पौधारोपण

**बागबाहरा।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के सभी पैक्स द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग 130 समिति के अंतर्गत 500 पौधों का रोपण किया गया। इसके तहतग्रामीण सेवा सहकारी ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने फलदार वृक्ष आम के पौधे रोपे। वही संस्था प्रबंधक जय प्रकाश साहू ने अमरुद के पौधेरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। बता दे कि शासन कि मंशानुरूप गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाए महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी तुमगांव स्थित सेवा सहकारी समिति पहुंचकर पौधारोपण का कार्य किया।

## बेमचा स्कूल प्रांगण में किया गया पौधारोपण


**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पर्यवरण संरक्षण एवं जागरुकता के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम से पूरे प्रदेश में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शाउमावि बेमचा के विद्यालय प्रांगण में येत राम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, संगीता राहुल चंद्राकर जनपद सदस्य, लखनु राम निर्मलकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच बेमचा, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण हीरालाल साहू, सेवती यादव, अमित निर्मलकर, रविकांत निर्मलकर, पंकज चंद्राकर एवं संस्था के प्राचार्य एसएल पाटकर, स्काउट मास्टर तुलेंद्र सागर, रेडक्रॉस प्रभारी किरण पटेल, खेल शिक्षक डॉ सेवनदास मानिकपुरी, हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। उद्बोधन में ऐतराम साहू ने कहा कि पर्यवरण प्रदूषण आज इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि आने वाला निकट भविष्य भयावह हो सकता है। इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि पर्यवरण को सुरक्षित करने के साथ प्रदूषण मुक्त करने के लिए हम सभी को संयमित जीवन शैली भी अपनाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे जरूरी है। विद्यालय प्रांगण की अहाता की ऊंचाई कम होने एवं आहाता बीच बीच में क्षति ग्रस्त है, जिसे देखकर स्वयं पहल करते हुए सरपंच देवेंद्र चंद्राकर से कहा कि हम आहाता निर्माण में आवश्यक सहयोग कर शीघ्र पूरा करने कोशिश करेंगे। ताकि, विद्यालय के साथ पेड़ पौधे भी सुरक्षित हो सके। आभार प्रदर्शन स्काउट मास्टर तुलेंद्र सागर व्याख्याता ने किया।



इस अभियान में संस्था से शिक्षक एसएल पाटकर, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, गंगा बंजारे, पूर्णिमा सिन्हा, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, कार्यालयीन स्टॉफ से सुषमा सागर चेष्टा राय, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे मिडिल स्कूल स्टाफ से टाकेश्वर प्रसाद साहू, खेमराज साहू, गजेंद्र कुमार साहू, गुहनलाल साहू, शहजान बानो खान, तृप्ति डेनियल, शशिलता वर्मा, शकुंतला चौधरी सभी ने मिल कर पौधारोपण किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर दिव्यांग बच्चों को मिला आत्मनिर्भरता का उपहार

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड स्रोत केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत विकासखंड के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से प्राप्त दिव्यांग बच्चों के लिए सामग्री ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, एयर फोन, एमआरपी किट, फाइन मोटर किट, वॉकर, ओको फ्रेशनर थेरेपी किट, पजल्स, बैसाखी का वितरण किया गया, जिससे वे दैनिक दिनचर्या में चलने फिरने पढ़ने लिखने में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस अवसर पर समग्र शिक्षा जिला महासमुंद के एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी अनीता निर्मलकर तथा स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने कर कमलों से सन्नी कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला बेलसोंडा, चंदन कुमार कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला बेमचा, हेमकला कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला मालीडीह, श्रेयांस कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला छिलपावन, शशांक कक्षा सातवीं उच्च प्राथमिक शाला पीढ़ी एवं अन्य बच्चों को उपकरण वितरित किए और उन्हें उनके उपयोगिता की बारीक जानकारी भी दी।




# पॉलिथीन हटाओ, पेड़ लगाओ, पानी बचाओः वीणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पर्यावरण समस्या सिर्फ भारत के लिए ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसे कानून बनाकर नहीं रोका जा सकता है।इससे निपटने के लिए हम सबको जागरूक करना होगा। उपरोक्त विचार हैं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल खरोरा में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच वीणा चंद्राकर के।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना है तो पॉलिथीन का उपयोग बंद करना होगा, अपने आसपास पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करना होगा और पानी का दुरुपयोग बंद कर उसके संरक्षण के उपाय करने होंगे। इस अवसर पर प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने बताया कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।



इस वर्ष का थीम है प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को समाज के बीच लाकर जागरूकता पैदा करना होगा। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी कमलेश चंद्राकर, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक गायत्री चंद्राकर, शिक्षक डोमार राम साहू, मोना चंद्राकर, रामेश्वरी ध्रुव, ओम प्रकाश शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम चंद्राकर, गुलापा चंद्राकर, सफाई कर्मी रामप्रसाद, प्रणिता बघेल, दीप्ति, चांद पुरेना सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उपयुक्त जानकारी संस्था द्वारा जारी हुई विज्ञप्ति में दी गई।

